**समस्या** पार्षद सुनते है समस्या, अतिरिक्त सफाई मित्रों के मिलने की उम्मीद

# सड़कों पर फैला कचरा, उठाने नहीं है फुर्सत !

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के घनी आबादी वाले वार्डों में शुमार नरसिंह वार्ड में इन दिनों सफाई कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या बल नहीं होने से व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। निरस्त हो चुके ठेके और सर पर खड़े त्यौहार के कारण वार्ड की नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। जगह जगह नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं तो सड़कों के आसपास कचरे के ढेर लगे रहते हैं। वार्डवासियों ने बताया कि मोहल्ले में महीनों से सफाई व्यवस्था पिछड़ रही है। लेकिन वार्डवासियों द्वारा पार्षद से मिलते सहयोग की भी बात खुल कर रखी। लोगों ने बताया कि पार्षद द्वारा सभी समस्या ध्यान से सुनी जाती हैं एवं उसे हल करने के लिए प्रयास भी किए जाते है।



### ये है मुख्य समस्याएं

वार्डवासियों ने नवभारत द्वारा की गई वार्ड परिक्रमा में बताया कि वार्ड की कुछ सडकें टूटी हुई हैं जिसमें जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। वही रात में गली-मोहल्लों में अंधेरा रहता है, जिससे असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं और लोगों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। कुछ लोगों का कहना है कि वार्ड में पेयजल की सप्लाई भी कभी कभी अनियमित हो जाती है।सिर्फ सफाई और सड़कें ही नहीं, बल्कि वार्ड में पानी भरने की समस्या भी बरसात में बनी रहती है। लोग बताते हैं बरसात के समय वाहन चलाना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### कचरा गाड़ी नहीं आती!

नरसिंह वार्ड के वार्डवासियों की माने तो मुख्य समस्या कचरा एकत्र करने की है, यहां कचरा गाड़ी मेन रोड से आकर चली जाती है। ऐसे में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन तो जैसे बंद हो गया है। जिससे स्थानीय नागरिकों को मजबूरन कचरा मेन रोड पर फेंकना पड़ता है। कचरे की बदबू से आसपास के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। वहां से गुजरने वाले राहगीर भी नाक में कपड़ा लगाकर निकलते हैं। वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग पर बाजार में व्यापारियों को कचरा फैले होने से परेशानी हो होती है। जिससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। आलम यह है कि लोगों ने स्वयं ही अपने आसपास की सफाई करना शुरू कर दी है।

### फैक्ट फाइल

- वार्ड की जनसंख्या लगभग 30 हजार के पास
- वार्ड में 16 हजार दो सौ मददाता है
- अनुसूचित जाति वर्ग के एक हज़ार सात सौ लोग
- अनुसूचित जनजाति वर्ग से एक हजार पांच सौ लोग
- नए फ्लाइओवर का एक हिस्सा भी गुजरता है
- वार्ड में नरसिंह मंदिर और कालीमठ मंदिर मौजूद है
- सीमा छोटी लाइन से मदन महल प्लेटफार्म क्रमांक एक तक


### वार्ड में हुआ है विकास

नरसिंह वार्ड के वार्डवासियों ने बताया कि पहले के मुकाबले इस बार वार्ड में विकास किया गया है लोगों की माने तो उनकी समस्या पार्षद द्वारा सुनी जाती है एवं उसे पर कार्रवाई भी की जाती है। लोगों ने आगे बताया कि अगर घरों का कचरा समय पर उठने लगे एवं सड़कों का निर्माण कर दिया जाए तो यह वार्ड एक आदर्श वार्ड बन सकता है।

### इनका कहना है

वार्ड में फैले कचरे को लेकर मै कमिश्नर से अतिरिक्त सफाई मित्रों की मांग की है अगर सब कुछ ठीक रहा तो दिवाली के पहले हमारे वार्ड को अतिरिक्त सफाई कर्मी मिल जाएंगे।

**डिंपल रिंकू टॉक**
**पार्षद, नरसिंह वार्ड**



वार्ड में फैले कचरे को निगम को समय पर उठाना चाहिए। इससे वार्ड में साफ सफाई बनी रहेगी।


**प्रदीप लखेरा**

देखिए पहले के मुकाबले वार्ड का विकास तो हुआ है। छोटी-मोटी चीजे और दुरुस्त हो जाए तो बात ही बन जाएगी।



**बी एल ठाकुर**

कचरे की गाड़ियां घरों तक नहीं पहुंच रही है जिसके चलते आम लोगों को इधर-उधर कचरा फेंकना पड़ रहा है इस पर ध्यान देना चाहिए।



**एस सी जैन**



## निरीक्षण के दौरान दिखी शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा

▶ निगमायुक्त ने शहर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर ताल-तालाबों की सफाई के साथ-साथ कार्यालयों की भी बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत संचालित रसोई घरों का भी निरीक्षण किया गया जहां पर और बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ये स्पष्ट हुआ कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार का फोकस शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं बेहतर उपलब्ध कराने पर है। शनिवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सफाई व्यवस्था का भी जायजा लेते हुए सफाई कर्मचारियों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोंटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री और स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, संभागीय अधिकारी के.के. रावत, दिनेश प्रताप सिंह एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## रांझी ब्लॉक में चलाया गया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले रांझी ब्लॉक के कांग्रेसियों द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान रांझी में चलाया गया। जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने हस्ताक्षर कर यह मांग की कि जनादेश का अपमान करने वाली सरकार को तत्काल सत्ता से हटाया जाए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के अनुसार रांझी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों, वार्डों और बाजारों से व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जनता अब



अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ एकजुट हैं। इस दौरान आलोक मिश्रा ,चिंटू चौकसे, विजय जैन चुन्ना, रविंद्र कुशवाहा , शांति बाई ,अनुपम विश्वकर्मा ,अशोक बर्मन ,अजय पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन और कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## तालाब किनारे मलवा फेंका वसूला स्पॉट फाइन

**जबलपुर।** संभाग क्रमांक 02 कछपुरा अंतर्गत वीरेन्द्रपुरी वार्ड स्थित इमरती तालाब किनारे मलवा फेंकने वाले चंद्रकांत साहू निवासी इमरती तालाब के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 2 हजार रूपये का स्पॉट फाइन लगाया और हिदायत दी की दोबारा तालाब या नाला नालियों में मलवा न फेंके। कार्यवाही के समय मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सचिन जैन, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चतुर्वेदी, सुपरवाइजर विजय सेन आदि उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र बयान देने वाले पर दर्ज हो प्रकरण

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतवर्षिय यादव महासभा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ अभद्र बयान देने वाले संत पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने ओमती थाने में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जो पिछड़े वर्ग से आते हैं उन्होंने पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत की थी, जिससे नाराज होकर अपने स्वामी आनंद स्वरूप ने जातिगत टिप्पणी की डॉ मोहन यादव का अनैतिक भाषाओं से अपमानित किया गया इस मौके पर अखिल भारतवर्षिय यादव महासभा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जगदीश यादव, संभागीय अध्यक्ष विजय यादव, शहर अध्यक्ष मनोज यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार बड़ा , नरेश यादव ,जितेंद्र यादव ,दीपक यादव ,मोहन यादव, रश्मि यादव, अशोक यादव , सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## तेज रफ्तार और गलत यूटर्न लेने से हो रही दुर्घटनाएं

▶ फ्लाईओवर पर बढ़ती दुर्घटनाएं यातायात पुलिस का विशेष अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी और उससे होने वाली मृत्यु दर को कम करने साथ ही फ्लाईओवर पर दुर्घटनाओं का कारण बनी वाहन चालकों की लापरवाही को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति एवं सूबेदार मनीष प्यासी द्वारा नवनिर्मित



फ्लाईओवर का स्पॉट निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अधिकतर दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही, तेज रफ्तार, गलत दिशा में यूटर्न लेने एवं ट्रैफिक संकेतकों की अनदेखी के कारण हो रही हैं। यातायात पुलिस द्वारा फ्लाईओवर पर समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

### 155 वाहन चालकों पर 68,600 का जुर्माना

शनिवार को थाना यातायात मालवीय चौक, घमापुर एवं गढ़ा थाना प्रभारी द्वारा टीम के साथ संयुक्त रूप से महाराजपुर, कैरब्ज तिराहा, धनवंतीनगर चौक एवं तीन पत्ती चौक सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुल 155 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 68,600 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। अभी तक इस अभियान में 560 बिना हेलमेट चलने वालों एवं 85 गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया गया।

## प्रतिबंधित कोल्ड सिरप का उपयोग या बिक्री न हो : कलेक्टर

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोल्ड सिरप से संबंधित जांच के लिए भी टीम गठित की गई है। यह टीमें घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं की मदद से यह सुनिश्चित करेगी कि कहीं भी प्रतिबंधित या संदिग्ध कोल्ड सिरप का उपयोग या बिक्री न हो। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध चल रही विभागीय जांचों की वर्तमान स्थिति क्या है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित



जांचों को प्राथमिकता से निपटाया जाए और पारदर्शिता के साथ कार्यवाही की जाए। इसके अलावा, उपार्जन, सिकमी प्रकरणों, तहसील स्तरीय आदेश अनुपालन रिपोर्ट और फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अवैध कॉलोनियों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। प्रत्येक तहसील से यह रिपोर्ट ली गई कि उनके क्षेत्र में कितनी अवैध कॉलोनियां पाई गई हैं और उन पर की गई कार्यवाही की स्थिति क्या है। साथ ही कहा कि प्रत्येक स्तर पर समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। बैठक में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमणों को हटाया, लेफ्ट टर्न भी हुआ कब्जा मुक्त

**जबलपुर।** शनिवार को तीन पत्ती से यातायात चौराहा, एम.एल.बी. चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा से बलदेवबाग तक, अस्थाई अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और गौ-माता चौक पर लेफ्ट टर्न और राइट टर्न को खाली कराया गया, सुहागी में घर के सामने अवैध तार फैंसिंग को हटाया गया, स्लॉटर हाउस के पीछे अवैध निर्माण को भी हटाया गया, गढ़ा बाजार रोड़ पर निर्माणाधीन सड़क एवं नाला में बाधक मकान को चिन्हित कर अग्रभाग हटाने की करवाई की गई, इसके साथ-साथ मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। कार्रवाई के समय दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, नदीम अहमद खान, वीरेंद्र मिश्रा, बृज किशोर तिवारी आदि की टीम मौके पर उपस्थित रही।

## सड़कों की मरम्मत का निगमायुक्त ने लिया जायजा

**जबलपुर।** दीपावली पर्व के पूर्व शहर की सभी प्रमुख सड़कों को गडढ़ा मुक्त करने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की घोषणा पर नगर निगम द्वारा बहुत तेज गति से उच्च गुणवत्ता के साथ नए सिरे से सड़कों का सुधार कार्य कराये जा रहे हैं। शनिवार सुबह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद अभी रात्रि में सड़कों के सुधार कार्यो को देखने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार अधिकारियों के साथ सिविल लाइन पहुॅचे। वहॉ निगमायुक्त ने अधीक्षण यंत्री



कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय यंत्री संतोष पाण्डेय, उपयंत्री अभिषेक तिवारी, के साथ निरीक्षण किया और मालगोदम चौक के पास एवं हाइ कोर्ट के चारों तरफ सुधार कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ठेकेदार को निर्देशित किया कि सड़कों के सुधार कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराएॅ।

## पुलिस जवान की हार्ट अटैक से मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाने में पदस्थ पुलिस जवान की शनिवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गोटेगांव नरसिंहपुर निवासी प्रभात मुड़िया मप्र पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। दो माह पहले शहपुरा थाने से उनका ट्रांसफर संजीवनी नगर थाने में किया गया था। दो साल पहले उनकी पत्नी की मौत हो गई थी जिसके बाद से वह तनाव में थे। एक माह से उनकी तबियत खराब चल रही थी जिसके चलते वह अवकाश पर थे और अपने गृह निवास में रहकर इलाज



करवा रहे थे। शनिवार सुबह हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। पुलिस जवान की मौत से परिवार में जहां मातम पसरा हुआ है तो पुलिस महकमें में शोक की लहर है।

## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत व्यौहारबाग में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक अनूप श्रीपाल 69 वर्ष निवासी व्यौहारबाग ने सूचना दी कि शनिवार सुबह लगभग 6 बजे सुनील श्रीपाल 35 वर्ष निवासी व्यौहारबाग ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर हमला, धमकाया

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में एक परिवार ने प्रॉपर्टी डीलर पर हमला करते हुए धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को विवेक मेहलोनिया 32 वर्ष निवासी शाहीनाका संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राप्टर्टी का काम करता है।

उसने संजय श्रीवास्तव के प्लाट साई सुबह परिसर की फिलिंग का काम करवा रहा थाा प्लाट पर जेसीबी मशीन चल रही थी सुबह लगभग 4-30 बजे वह काम देखने अभिषेक पटेल, राजू खरे के साथ काम देखने गया था वहां पर वह मशीन से मुरूम फैलवा रहा था उसी समय रमेश उर्फ गुड्डू काछी आया एव उससे बोला कि यहां क्यों करवा रहा है यहां पर मेरी जमीन है इसी बात को लेकर रमेश काछी उसके साथ विवाद करने लगा। रमेश के परिवार की 2 महिलायें भी आकर उसके साथ विवाद करने लगी, उसने गालियां देने से मना किया तो रमेश काछी ने हमला कर चोट पहुंचा दी।

## बिना चौकीदार चल रहे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में चोरी

**जबलपुर।** मुंडी टोरिया चौक स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक अस्पताल रांझी में चोरों ने धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर संदीप शुक्ला 40 वर्ष निवासी महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मुंडी टोरिया झंडा चौक के पास मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक अस्पताल रांझी में चिकित्सिक अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं मुंडी टोरिया चौक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक अस्पताल रांझी सुबह लगभग 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है चौकीदार नहीं रहता हैं। कल शाम लगभग 5 बजे अस्पताल बंद करके चला गया था। सुबह अस्पताल आया देखा कि एक खिड़की के दोनों लोहे के पल्ले चोरी हो गये है इसके पहले 2 अक्टूबर 2025 को भी एक खिड़की के दोनों लोहे के पल्ले चोरी हो गये थे। इसके बाद अलग अलग दिनांकों में अभी तक अस्पताल से 500 लीटर की एक पानी टंकी, फाईबर के 2 दरवाजे, खिड़की के दरवाजे 3 जोड़ी कुल कीमती लगभग 35000 रूपये का कोई अज्ञात चोर रात्रि में अस्पताल का बाउंड्रीवाल कूदकर अस्पताल की खिड़की एवं दरवाजे, पानी की टंकी चोरी कर ले गया है।

### डॉक्टर के घर में चोरी

विजय नगर में डॉक्टर के सूने घर में चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर प्रताप चंद आनंद 71 वर्ष निवासी योजना क्रमांक 5 विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को पत्नी मायके चली गई थी और वह क्लीनिक चला गया था। शाम 4-30 बजे घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टॅटा मिला। आलमारी में रखी सोने की अंगूठी, नगदी 2 हजार, मोबाइल गायब थे।

## जीआईएफ कार्य समिति चुनाव में लाल झंडे का कब्जा

▶ कार्य समिति निर्वाचन 2025-27 में 9 सीट और कैंटीन प्रबंध समिति निर्वाचन में 2 सीट की हासिल

**नवभारत,जबलपुर।** आयुध निर्माणी जबलपुर में संपन्न कार्य समिति निर्वाचन 2025-27 में जीआईएफ मजदूर यूनियन एआईडीईएफ ने कार्य समिति चुनाव में 9 में से 9 सीट एवं कैंटीन प्रबंध समिति निर्वाचन में 2 में से 2 सीट जीत कर लाल झंडे का परचम लहरा दिया है। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्नब दासगुप्ता ने कहा है कि यह जीत कर्मचारियों की जीत है , यह जीत दर्शा रही है कि कर्मचारियों का आस्था और विश्वास एआईडीईएफ के लाल झंडे पर ही है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि फैडरेशन के अध्यक्ष एस एन पाठक और राष्ट्रीय महासचिव सी श्रीकुमार की मेहनत से ही जबलपुर स्थित सभी निर्माणियों एवं 506 आर्मी वेश वर्कशॉप , सी ओ डी के साथ



साथ पूरे देश में अधिकांश स्थानों पर लाल झंडे की सत्ता है। जीआईएफ मजदूर यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री राजेश पटेल ,मनोज साहू ने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सर्वाधिक मत पाने वाले प्रत्याशी राकेश दुबे ने कहा कर्मचारियों ने मत स्वरूप जो प्यार दिया है हम सभी प्रत्याशी सभी के ऋणी है ।इस अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया से पुष्पेंद्र सिंह , सुकेश दुबे , सुरेश कन्ना , शिवेंद्र रजक , हरीश चौबे निर्भय पटेल , संजीव कुमार , आशीष श्रीवास्तव वीएफजे से अमरीश सिंह , नितेश कुमार जी सी एफ से रोहित यादव , उत्तम बिस्वास , सी ओ डी से पी के तिवारी , नरेंद्र विश्वकर्मा , 506 से विकास यादव , संतोष यादव ने कर्मचारियों का लाल झंडे के प्रति विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया है।

### कुछ ऐसा रहा चुनाव परिणाम

कार्य समिति चुनाव 2025-27 में हुए चुनाव में विजयी हुए राकेश कुमार दुबे को 200 मत, अरूणोदय कुमार उरमलिया को 190 मत, जितेंद्र नायक को 178, मांगे राम को 167, पवित्र डुंगरी को 155, पीयूष कुमार को 141, सातराम मीणा को 145, तोफम सिंह को 161, वरूण स्वामी को 189 मत और कैंटीन प्रबंधक समिति चुनाव में विजयी हुए अजेश मेहरा को 191 मत, राहुल श्रीवास्तव को 170 मत मिले हैं।

**खुशखबरी** 100 करोड़ के भुगतान बाद खजाने में अगले माह रहेंगे 100 करोड़

## ननि में धन की कमी नहीं, मनेगी दिवाली, महापौर का किया सम्मान

**जबलपुर।** महापौर चुनाव लड़ने से लेकर जीतने तक और जीतने के बाद से अभी तक संस्कारधानी के देवतुल्य नागरिकों से किये वादों को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा पूरी सिद्दत और संकल्पों के साथ पूरा किया जा रहा है। इसी प्रकार महापौर श्री अन्नू के अभी तक के कार्यकाल में कभी किसी प्रकार की कोई नगर निगम में धन की कमी नहीं हुई है, जिसके कारण शहर में चौंतरफा अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य लगातार हो रहे हैं और कराये जा रहे हैं। अधिकारियों कर्मचारियों को भी समय-समय पर वेतनमान, पदौन्नती, क्रमोन्नती,



अनुकम्पा नियुक्तियॉ से संबंधित लाभ दिये जा रहे हैं और समय पर ठेकेदारों को पारदर्शिता के साथ समानता का भाव रखते हुए भुगतान भी किया जा रहा है। जिससे अभी भी दीपावली के पहले 100 करोड़ का भुगतान कराकर ठेकेदारों के विश्वास को जीता है। इससे प्रफुल्लित होकर लोककर्म विभाग के 100 से अधिक ठेकेदारों ने महापौर कार्यालय पहुॅचकर पुष्पहार से सम्मान किया। इस मौके पर ठेकेदारों ने निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य एवं लोककर्म प्रभारी विवेकराम सोनकर, और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार का भी सम्मान किया। सम्मान के समय निर्मल चौपड़ा, श्याम बाबू सोनकर, विनय यादव, अतुल खरे, राकेश पचौरी, आशीष लोधी, राजेश सेन, रविन्द्र तिवारी, राकेश सोनकर, लक्की सोनकर, मोनू सोनकर, अमित सोनकर, आशीष तिवारी, शैलेन्द्र चौरसिया, नरेन्द्र तिवारी एवं अन्य ठेकेदार उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि दीपावली पर्व पर हमारे सभी ठेकेदार भाईयों के परिवार में, नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों के घरों में बेहतरीन दीपावली मनाई जायेगी और सभी के घरों में माता लक्ष्मी आशीर्वाद प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि लोककर्म विभाग के ठेकेदारों को 40 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक कुल 30 करोड़ का भुगतान होगा। महापौर ने कहा कि 100 करोड़ के भुगतान के बाद भी निगम खजाने में 100 करोड़ की राशि बची है, जिसका भुगतान भी ठेकेदारों को किया जायेगा। महापौर ने यह भी कहा कि शहर की सभी प्रमुख सड़कें दीपावली पर्व के पूर्व गडढे मुक्त होगी और विकास की रफ्तार बहुत तेजी से बढ़ेगी।